राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9798431468

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने उपराष्ट्रपति को पटना हवाई अड्डे पर दिल्ली के लिए विदा किया

पटना, 07 नवम्बर 2021

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने भारत के माननीय उपराष्ट्रपति श्री एम० वेंकैया नायडु को उनके दो दिवसीय बिहार दौरे के बाद आदर सहित पटना से दिल्ली के लिए विदा किया। पटना हवाई अड्डा पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, बिहार विधान परिषद् के कार्यकारी सभापति श्री अवधेश नारायण सिंह, अन्य मंत्रिगण एवं वरीय पदाधिकारीगण आदि ने भी उन्हें विदाई दी। इससे पूर्व आज पूर्वाह्न में राज्यपाल ने माननीय उपराष्ट्रपति के राजभवन से विदा लेते समय उन्हें अंगवस्त्रम् एवं स्मृति–चिह्न सादर भेंट किया।

इसके उपरान्त माननीय उपराष्ट्रपति के साथ महामहिम राज्यपाल डॉ० राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह तथा नालन्दा विश्वविद्यालय में आयोजित छठे अन्तर्राष्ट्रीय धर्म–धम्म सम्मेलन में भी सम्मिलित हुए।

उल्लेखनीय है कि इन दोनों कार्यक्रमों में सम्मिलित होने के लिए माननीय उपराष्ट्रपति श्री एम० वेंकैया नायडु दो दिवसीय दौरे पर बिहार आये थे तथा 6 नवम्बर, 2021 को राजभवन, पटना में ठहरे थे।

....